भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2076**

दिनांक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2**

**2076. श्री भोजराज नागः**
**श्री दुलू महतोः**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः**
**श्री मनीष जायसवालः**
**श्री अनूप प्रधान वाल्मीकिः**
**श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः**
**श्री अनूप संजय धोत्रेः**
**श्री भर्तृहरि महताबः**
**श्री जुगल किशोरः**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवराः**
**श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**
**श्री राजकुमार चाहरः**
**श्री बंटी विवेक साहूः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**
**श्री यदुवीर वाडियारः**
**श्री नलिन सोरेनः**
**श्री मुकेश राजपूतः**
**श्री बिभु प्रसाद तराईः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) चरण-2 के अंतर्गत देश भर में ठोस एवं द्रव अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ-प्लस और ओडीएफ प्लस-प्लस गतिविधियों के कार्यान्वयन की राज्य-वार/केंद्र शासित प्रदेश-वार सहित जम्मू और कश्मीर के जम्मू ज़िला, झारखंड के दुमका ज़िला और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िला में वर्तमान स्थिति क्या है,

(ख) क्या सरकार ने चरण-2 के तहत जम्मू सहित पूरे देश में स्वच्छता हस्तक्षेपों के लोक स्वास्थ्य संकेतकों, जैसे जलजनित रोगों में कमी और स्वच्छ पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन किया है;

(ग) यदि हाँ, तो उक्त मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन परिणामों की निगरानी, तीसरे पक्ष द्वारा सत्यापन और स्वच्छ सर्वेक्षण-ग्रामीण (एसएसजी) के अंतर्गत रैंकिंग कैसे की जा रही है;

(ङ) ग्रामीण स्तर पर ऐसे कौन से तंत्र स्थापित किए गए हैं जो केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित न होकर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अपशिष्ट पृथक्करण के संबंध में सतत व्यावहारिक बदलाव को बनाए रखने में सहायक हों; और

(च) क्या सरकार तटीय गाँवों, जैसे महाराष्ट्र के पालघर में स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु एसबीएम-जी के तहत कोई विशेष मिशन लागू कर रही है. यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क): स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम(जी)] चरण-II को 2020-21 से 2026-27 की अवधि के दौरान कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसमें खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और सभी गांवों को ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था से कवर किया जा रहा है, जिसमें दृश्यगत स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है अर्थात गांवों को ओडीएफ से ओडीएफ प्लस (मॉडल) गांवों में परिवर्तित किया जा रहा है। एसबीएम (जी) चरण-II के तहत, 10-2-2026 तक एसबीएम (जी) की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ओडीएफ प्लस (मॉडल) घोषित गांवों की संख्या, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एलडब्ल्यूएम) व्यवस्था से कवर किए गए गांवों की संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार **अनुबंध-1** में दी गई है। उपरोक्त पर जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के जम्मू जिले, झारखंड के दुमका जिले और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के कवरेज की स्थिति **अनुबंध-2** में दी गई है।

(ख): जी, नहीं।

(ग) और (घ): ऊपर (ख) को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

(ङ): स्वच्छता राज्य का विषय है। एसबीएम (जी) चरण-II न केवल ओडीएफ गांवों को ओडीएफ प्लस (मॉडल) गांवों में बदलने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है,

बल्कि इसका उद्देश्य बेहतर साफ-सफाई और स्वच्छता परिपाटियों को अपनाने के लिए लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है। तदनुसार, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) इस कार्यक्रम का अभिन्न अंग है और यह निरंतर व्यवहारवादी परिवर्तन की नींव रखता है। इससे कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी या जनभागीदारी को बढ़ाने में मदद मिलती है, जिससे कार्यक्रम के तहत बनाई गई संपत्तियों का सामुदायिक स्वामित्व सुदृढ़ होता है।

एसबीएम (जी) चरण-II के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपने आईईसी अभियानों को विकसित और कार्यान्वित करना है तथा स्वच्छता, साफ-सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन आदि सहित कार्यक्रम के विभिन्न घटकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्रीय आईईसी अभियानों को संवर्धित करना है ताकि जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तरों पर पहुंच तथा सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ किया जा सके। एसबीएम (जी) चरण-II के तहत, आईईसी और क्षमता निर्माण कार्यकलापों के लिए, कुल परियोजना निधियों के 5% तक के व्यय की अनुमति है, जिसमें 2% तक का उपयोग केन्द्रीय स्तर पर तथा 3% तक राज्यों/जिला स्तर पर किया जाना है।

(च): जी, नहीं।

*****

**अनुबंध-1**

दिनांक 12-02-2026 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2076 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित विवरण

**ओडीएफ प्लस (मॉडल) घोषित गांवों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एलडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या (10-2-2026 की स्थिति के अनुसार)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | गांवों की कुल संख्या | कुल ओडीएफ प्लस (मॉडल) गांव | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों की संख्या | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एलडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 265 | 224 | 234 | 234 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 15,995 | 11,625 | 15,971 | 11,898 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5,134 | 1,080 | 3,472 | 3,836 |
| 4 | असम | 25,368 | 23,704 | 24,240 | 25,109 |
| 5 | बिहार | 37,138 | 34,990 | 35,326 | 35,536 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 19,643 | 18,523 | 18,565 | 18,739 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण व दीव | 98 | 98 | 98 | 98 |
| 8 | गोवा | 373 | 325 | 371 | 343 |
| 9 | गुजरात | 17,973 | 13,955 | 17,159 | 17,045 |
| 10 | हरियाणा | 6,618 | 5,875 | 6,115 | 6,406 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 17,618 | 14,539 | 15,201 | 15,965 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 6,216 | 6,185 | 6,185 | 6,185 |
| 13 | झारखंड | 29,322 | 8,069 | 9,955 | 26,681 |
| 14 | कर्नाटक | 26,484 | 12,525 | 26,405 | 13,466 |
| 15 | केरल | 1,435 | 1,372 | 1,381 | 1,377 |
| 16 | लद्दाख | 240 | 238 | 238 | 240 |
| 17 | लक्षद्वीप | 10 | 10 | 10 | 10 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 51,043 | 50,689 | 50,763 | 50,788 |
| 19 | महाराष्ट्र | 40,247 | 34,703 | 35,670 | 38,401 |
| 20 | मणिपुर | 2,567 | 26 | 29 | 122 |
| 21 | मेघालय | 6,466 | 489 | 845 | 5,405 |
| 22 | मिजोरम | 646 | 619 | 624 | 624 |
| 23 | नागालैंड | 1,425 | 684 | 885 | 1,180 |
| 24 | ओडिशा | 46,928 | 44,946 | 45,099 | 45,283 |
| 25 | पुडुचेरी | 91 | 42 | 90 | 44 |
| 26 | पंजाब | 11,977 | 2,295 | 4,305 | 10,023 |
| 27 | राजस्थान | 43,463 | 42,515 | 42,713 | 42,820 |
| 28 | सिक्किम | 400 | 400 | 400 | 400 |
| 29 | तमिलनाडु | 11,739 | 11,604 | 11,620 | 11,609 |
| 30 | तेलंगाना | 9,773 | 9,547 | 9,588 | 9,571 |
| 31 | त्रिपुरा | 765 | 763 | 764 | 765 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 96,174 | 94,155 | 94,274 | 94,715 |
| 33 | उत्तराखंड | 14,967 | 14,893 | 14,931 | 14,899 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 38,343 | 34,473 | 35,705 | 36,670 |
| | **कुल:-** | **5,86,944** | **4,96,180** | **5,29,231** | **5,46,487** |

[राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एसबीएम (जी) के आईएमआईएस पर सूचित किए गए अनुसार]

**अनुबंध-2**

दिनांक 12-02-2026 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2076 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित विवरण

एसबीएम (जी) चरण-II के तहत जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के जम्मू जिले, झारखंड के दुमका जिले और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कवरेज की स्थिति।

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **जिला** | **गांवों की कुल संख्या** | **कुल ओडीएफ प्लस (मॉडल) गांव** | **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों की संख्या** | **तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एलडब्ल्यूएम) व्यवस्थाओं से कवर गांवों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | जम्मू | 756 | 755 | 755 | 755 |
| झारखंड | दुमका | 2,671 | 768 | 812 | 2,373 |
| मध्य प्रदेश | छिंदवाड़ा | 1,896 | 1,896 | 1,896 | 1,896 |

(राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एसबीएम (जी) के आईएमआईएस पर सूचित किए गए अनुसार)